वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 23 अप्रैल 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

पालघर मॉब लिंचिंग में माओवादी-मिशनरी तंत्र की हो उच्चस्तरीय जाँच : अभाविप

महाराष्ट्र के पालघर में जूना अखाड़ा के दो साधुओं तथा उनके चालक की पुलिस की उपस्थिति में की गई क्रूरतम हत्या के मामले में माओवादी एवं मिशनरी तंत्र की संलिप्तता की उच्च स्तरीय जांच की मांग अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद करती है।

इस विषय में प्राप्त हो रहे तथ्यों, उस क्षेत्र में कार्यरत रहे पूर्व अधिकारियों तथा मीडिया के माध्यम से प्राप्त हो रहे समाचार वहाँ माओवादी मिशनरी गठजोड की ओर इशारा करते हुए इस घटना में एक सुनियोजित षड़यंत्र को स्पष्ट कर रहे हैं। अभाविप इस पूरे घटनाक्रम में पुलिस की आपराधिक अकर्मण्यता को पहले ही उजागर कर चुकी है।

“संतों की हत्या के संबंध में हो रही गिरफ्तारियों में भी नक्सली और वामपंथी पृष्ठभूमि के लोगों के नाम सामने आ रहे हैं। महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्रारंभिक जाँच में की गयी देरी तथा सुस्त रवैया महाराष्ट्र सरकार को भी संदेह के घेरे में खडी करती है” अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री श्री अनिकेत ओव्हाल ने कहा।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि,"इस घटना पर कथित बुद्धिजीवी वर्ग की चुप्पी तथा इसे चोरों की हत्या बताकर मामले को दबाने का प्रयत्न निंदनीय है। इसी क्रम में पत्रकार अर्नब गोस्वामी द्वारा इसपर आवाज उठाए जाने पर समूचे विपक्ष तथा मीडिया के वामपंथी धड़े द्वारा साधुओं की हत्या पर परदा डालते हुए उन पर किये जा रहे मौखिक तथा शारीरिक हमले, संवैधानिक मौलिक अधिकारों के हनन का भी अभाविप विरोध करती है।”

साथ ही, “अभाविप पालघर के पूरे घटनाक्रम की केंद्रीय जाँच संस्थाओं द्वारा उच्चस्तरीय जाँच की मांग करती है”, राष्ट्रीय महामंत्री निधि त्रिपाठी ने कहा।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)